भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2175
दिनांक 31 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान

2175. श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः
डॉ. विनोद कुमार बिंदः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में स्थापित राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईपर) की संख्या कितनी है और वे कहां-कहां स्थित हैं तथा उनका ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का विचार ओडिशा के बालासोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 'नाईपर' का एक परिसर स्थापित करने का है;
(ग) यदि हां, तो अनुमानित लागत, निधि की स्वीकृति और इसकी स्थापना के लिए चिह्नित स्थान सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) इस संस्थान के कब तक पूरा होने और पूर्ण रूप से कार्यशील होने की संभावना है?

उत्तर
रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईपर) औषधीय और चिकित्सा उपकरण क्षेत्रों में शिक्षा और अनुसंधान के लिए प्रमुख संस्थान हैं। इस समय, सात नाईपर हैं। पहला नाईपर सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में मोहाली (पंजाब) में स्थापित किया गया था और संसद के एक अधिनियम, अर्थात नाईपर अधिनियम, 1998 द्वारा इसे वैधानिक मान्यता प्रदान की गई थी। वर्ष 2007 में अधिनियम में संशोधन के बाद छह और नाईपर अहमदाबाद (गुजरात), गुवाहाटी (असम), हाजीपुर (बिहार), हैदराबाद (तेलंगाना), कोलकाता (पश्चिम बंगाल) और रायबरेली (उत्तर प्रदेश) में स्थापित किए गए थे। सभी सात नाईपरों को नाईपर अधिनियम, 1998 द्वारा वैधानिक मान्यता प्रदान की गई है और इन्हें राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में घोषित किया गया है।

(ख): सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) और (घ): उपर्युक्त भाग (ख) के उत्तर को देखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

*****